
7

## इकाई 1

# साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव




ग़ालिब कलीम

---

तारीख:

---

**अधिगम उद्देश्य** :
- लेख का आशय समझ कर वाचन और विश्लेषण करने की क्षमता बढ़ाना।
- संदेश देने वाले पोस्टर तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।
- सूचनापट तैयार करने की क्षमता बढ़ाना ।
- आशयानुकूल नारा गीत तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

**आशय / धारणा** :
- पर्यावरण की साफ सफाई हमारा दायित्व है।
- पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के कार्यों में तत्परता से भाग लेना।

**मूल्य / मनोभाव** : वैयक्तिक एवं सामाजिक स्वच्छता का पालन करना हमारा दायित्व है।

**सामग्री** : वीडियो, $A_4$ Sheet, मार्कर, रंगीन कलर

**समय** : 9 कालांश

**उपज** : सूचना पट, पोस्टर, बेकार की चीज़ों से उपयोगी सामान

# प्रक्रिया

## गतिविधि 1 : प्रवेशिका ( चित्र खींचना )

**अनौपचारिक संवाद**

अध्यापिका गाँव का चित्र खींचने का निर्देश देती है ।बनाए गए चित्र से संबंधित शब्द लिखने के लिए निर्देश देती है ।मिले हुए शब्द छात्र वाचन करते हैं ।

## गतिविधि 2 : वीडियो

अध्यापिका ICT द्वारा वीडियो दिखाती है।

वीडियो के आधार पर प्रश्न पूछती है।

- ये वीडियो में क्या देखा ?
- वीडियो का गाँव कैसा है?
- छात्रों की प्रतिक्रिया ।

## गतिविधि 3 : वाचन

अध्यापिका पहली पैरग्राफ की वाचन करती है ।

छात्रों को वाचन करने के लिए पर्याप्त समय देती है।

फ्लाश कार्ड के ज़रिए नये शब्दों का परिचय देती है।

साफ-सुथरा — വൃത്തിയായ

गाँव — ഗ്രാമം

खासियत — സവിശേഷത

स्वच्छता — ശുചിത്വം

छोटे - छोटे प्रश्न पूछती है ।

एशिया का सबसे साफ सुथरा गाँव कौनसा है?

यह गाँव किस राज्य में स्थित है?

मावलिन्नोंग गाँव कब एशिया के साफ सुथरे गाँव के तौर पर चुना गया ?

छात्रो की प्रतिक्रिया

प्रश्न और उत्तर अपनी नोटबुक में लिखने के लिए निर्देश देती है।

अध्यापिका दूसरी पैराग्राफ हाव भाव से वाचन करती है ।

छात्रों को वैयक्तिक वाचन करने का अवसर देती है ।

फ्लाश कार्ड की सहायता से नये शब्दों का परिचय देती है।

प्रतिबंधित — നിരോധിക്കുക

बाँस — മുള

अंदाज़ा — അനുമാനം

खाद — വളം

आशय ग्रहण के लिए प्रश्न पूछती है।

यह गाँव में पूरी तरह से प्रतिबंधित चीज़ क्या है?

मावलिन्नोंग गाँव में डस्टबिन किससे बने हुए है?

छात्रो की प्रतिक्रिया अध्यापिका बोर्ड पर लिखती है।

प्रश्न और उत्तर अपनी नोटबुक में लिखने का निर्देश देती है।

अध्यापिका अंतिम पैरग्राफ का वाचन करती है।

छात्रो को वैयक्तिक वाचन करने का अवसर देती है।

नये अर्थ परिचय करने के लिए फ्लाश कार्ड दिखाती है।

बीमारी — രോഗം

हैजा — കോളറ

छुटकारा पाना — മുക്തി നേടുക

आशय समझने के लिए प्रश्न पूछती है।

मावलिन्नोंग गाँव को किसकी बीमारी ने बुरी तरह से जकड लिया था?

मेडिकल सुविधा न होने की वजह से इस बीमारी से छुटकारा पाने का उपाय क्या था?

छात्र जवाब देती है।

अध्यापिका बोर्ड पर उत्तर लिखती है।

प्रश्न और उत्तर अपनी नोटबुक में लिखने का निर्देश देती है।

लिखने के लिए पर्याप्त समय देती है।

पूछती है ,

यहाँ गाँव वालों की कौन सी मनोदशा प्रकट होती है ?

जीवन में निरोग रहने के लिए सफाई के अलावा क्या-क्या उपाय है ?

छात्रों की प्रतिक्रिया

अध्यापिका संक्षिप्त रुप से उत्तर बताती है। छात्रों से अपनी नोटबुक में लिखने को कहती है।

## गतिविधि 4 : पाठ्यपुस्तक का अभ्यास - सूचना पट

पूछती है,

आप सूचना पट कहाँ कहाँ देखा है?

प्रतिक्रिया

देखिए पन्ना संख्या 12 में एक सूचना पट है।

पढिए ।

सबको पढने के लिए अवसर देती है।

पन्ना संख्या 14 लेने का निर्देश देती है। कहती है,

ये सूचना पट देखिए, ये सूचना पट पूर्ण है क्या?

सूचना पट तैयार करने में किन - किन चीजों पर ध्यान देना है।

वर्कशीट 1 कराती है।

सूचना पट अपनी नोटबुक में पूर्ण रूप से तैयार करने को कहती है।

अध्यापिका सूचियों के आधार पर मूल्यांकन करती है।

सूचनाएँ

उद्देश्य और संदेश होना है।

शीर्षक होना है ।

आशय स्पष्ट होना है।

भाषा सरल होना है।

## गतिविधि 5 : पाठ्यपुस्तक का अभ्यास

" यहॉ लोग अपने घर से निकलने वाले कूडे कचडे को भी डस्टबिन में जमा करते है और फिर उसे एक जगह इकट्टा कर खेती के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करते है।"

अध्यापिका ये वाक्य बोर्ड पर लिखती है।

छात्रों को वाचन करने को कहती है।

पूछती हैं ।

कूडे - कचडे इकट्टा करके क्या करते है?

इसी प्रकार किन - किन चीजों का पूनर्चक्रण कर सकते है?

छात्रो की प्रतिक्रिया

वर्कशीट 2 कराती है।

छात्रों को अपनी नोटबुक में तालिका तैयार करके लिखने का निर्देश देती है।

## गतिविधि 6 : पाठ्यपुस्तक का अभ्यास - सार्थक वाक्य बनाएँ

अध्यापिका वर्कशीट 3 सार्थक वाक्य बनाएँ प्रक्रिया चलाती है।

पाठ्यपुस्तक के अलावा नोटबुक में भी ये अभ्यास करने का निर्देश देती है।

## गतिविधि 7 : पाठ्यपुस्तक का अभ्यास — नारागीत

पन्ना संख्या 15 का नारागीत पढने का निर्देश देती है।

पूछती है।

इन वाक्यों की विशेषता क्या है ?

प्रतिक्रिया का अवसर

नारागीत लिखते वक्त हम किन - किन बातो पर ध्यान देना है?

अध्यापिका बोर्ड पर सूचिबद्ध करती है।

**सूचनाएँ**

- सरल भाषा
- संदेशात्मक वाक्य
- सकारात्मकता
- तालमेल और लय

इस प्रकार के अन्य नारागीत लिखने का निर्देश देती है।

सहायता के लिए अध्यापिका प्रश्न पूछती है।

पेड लगाने से हमें क्या लाभ मिलता है?

छात्रो की प्रतिक्रिया के आधार पर अध्यापिका नारागीत बोर्ड पर लिखती है।

" पेड लगाएॅ जीवन बचाएँ

हरी भरी धरती को हम सजाएँ "

इसी प्रकार नारागीत को आगे बढ़ाने का निर्देश देती है।

वर्कशीट 4 कराती है।

अध्यापिका सूचियो के आधार पर मूल्यांकन करती है।

## गतिविधि 8 : पाठ्यपुस्तक का अभ्यास - पोस्टर

अध्यापिका संदेश वाक्य जोडकर परिस्थिति संरक्षण पर पोस्टर तैयार करने का निर्देश देती है। वर्कशीट 5 कराती है।

पूछती है।

पोस्टर तैयार करने में किन - किन बातों पर ध्यान देना है?

छात्रो की प्रतिक्रिया

अध्यापिका बोर्ड पर सूचिबद्ध करती है।

**सूचनाएँ**

शीर्षक होना चाहिया

संदेश वाक्य होना चाहिए

आकर्षणीय होना चाहिए

सरल भाषा होना चाहिए

छात्रों को वैयक्तिक रूप से अपने नोटबुक में पोस्टर तैयार करने को कहती है।

अध्यापिका मूल्यांकान करती है।

**अनुबद्ध कार्य:** 1. आपके द्वारा बनाई गई चित्र के बारे में तीन वाक्य लिखें।

2. बेकार की चीज़ों से उपयोगी सामान बनाकर कक्षा में लाऐं ।